सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-525
29/10/2017

बाल विवाह एवं दहेज प्रथा के खिलाफ अभियान में पूर्व प्रधानाध्यापक श्री हरीन्द्र सिंह की सक्रिय सहभागिता ली जायेगी :– मुख्यमंत्री

पटना, 29 अक्टूबर 2017 :– दहेज रहित शादी का मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार द्वारा आह्वान के बाद बिहार में इसकी खुशबू फैलने लगी है। आरा में 04 अक्टूबर 2017 को आयोजित महायज्ञ में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बाल विवाह एवं दहेज प्रथा के खिलाफ चलाये जा रहे सशक्त अभियान को सफल बनाने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि आपका सहयोग मिलेगा तो निश्चित तौर पर बाल विवाह एवं दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को मिटाया जा सकता है। मुख्यमंत्री द्वारा किये गये आह्वान के बाद भोजपुर जिले के ग्राम+पो0– बरनांव, थाना– आयर निवासी पूर्व प्रधानाध्यापक श्री हरींद्र सिंह ने अपने पुत्र की शादी के लिए लड़की वालों के तरफ से दिए गए दहेज की राशि को वधू पक्ष को लौटा दिया था। पिता श्री हरींद्र सिंह एवं माता श्रीमती लीलावती देवी ने अपने पुत्र श्री प्रेम रंजन सिंह की शादी भोजपुर जिले के ग्राम–जमालपुर, पो0– नया महमदपुर, कोईलवर निवासी श्री प्रमोद सिंह और निर्मला देवी की पुत्री कुमारी अनुराधा के साथ तय किया था लेकिन महायज्ञ में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के उदबोधन से प्रभावित होकर 03 दिसंबर 2017 को अपने पुत्र की शादी में लिए गए दहेज को श्री हरींद्र कुमार सिंह ने लड़की वालों को लौटाकर समाज में एक मिसाल पेश की।

आज पूर्व प्रधानाध्यापक श्री हरीन्द्र कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से 1 अणे मार्ग स्थित आवास पर मुलाकात की। मुलाकात के क्रम में मुख्यमंत्री ने उनके इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त की और उनसे गले लगकर उनका अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानाध्यापक श्री हरीन्द्र कुमार सिंह का यह कदम समाज के लिये नजीर होगा। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एवं दहेज प्रथा के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में उनकी सक्रिय सहभागिता ली जायेगी।

इस अवसर पर जदयू के प्रदेश अध्यक्ष श्री वशिष्ठ नारायण सिंह, भोजपुर के जिला जदयू अध्यक्ष श्री अशोक शर्मा, उदवंतनगर प्रखण्ड अध्यक्ष जदयू श्री राकेश सिंह एवं श्री हरीन्द्र सिंह के छोटे सुपुत्र श्री राजीव रंजन सिंह उपस्थित थे।

******